Gujarat Alkalies and Chemicals Limited

(An ISO Certified Company) (Promoted by Govt. of Gujarat)
Regd. Office: P.O. Ranoli - 391 350, Dist. Vadodara (Gujarat) INDIA.
CIN : L24110GJ1973PLC002247 | E Mail : investor_relations@gacl.co.in; cosec@gacl.co.in | Website : www.gacl.com

EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2026

(Rs. in lakhs)

Sr. No.	Particulars	Standalone				Consolidated			
		Quarter Ended			Year Ended	Quarter Ended			Year Ended
		30/06/2026	31/03/2026	30/06/2025	31/03/2026	30/06/2026	31/03/2026	30/06/2025	31/03/2026
			Refer note 5				Refer note 5		
		(Unaudited)	(Audited)	(Unaudited)	(Audited)	(Unaudited)	(Audited)	(Unaudited)	(Audited)
[1]	[2]	[3]	[4]	[5]	[6]	[7]	[8]	[9]	[10]
1	Total Income from Operations	1,24,491	1,12,531	1,10,512	4,35,808	1,24,491	1,12,531	1,10,512	4,35,808
2	Net Profit / (Loss) for the period before Tax	11,004	832	955	4,397	11,162	1,537	(1,202)	2,072
3	Net Profit / (Loss) for the period after Tax	5,340	793	779	2,084	5,498	1,498	(1,378)	(241)
4	Total Comprehensive Income for the period [Comprising profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	18,756	(28,813)	21,115	(33,944)	18,914	(28,104)	18,958	(36,265)
5	Equity Share Capital (Face Value per Share Rs.10/-)	7,344	7,344	7,344	7,344	7,344	7,344	7,344	7,344
6	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of previous year				5,49,747				5,11,745
7	Earning Per Equity Share (of Rs. 10/- each) : (Before Other Comprehensive Income) (Not Annualised)								
	a) Basic (in Rs.)	7.27	1.08	1.06	2.84	7.49	2.04	(1.88)	(0.33)
	b) Diluted (in Rs.)	7.27	1.08	1.06	2.84	7.49	2.04	(1.88)	(0.33)

Notes :

1. The above financial results have been prepared in accordance with the Indian Accounting Standards (Ind AS) specified under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with relevant rules.
2. The above results have been reviewed by the Audit Committee of Directors and approved by the Board of Directors of the Company at their respective meetings held on 22nd July, 2026 and 23rd July, 2026.
3. The Financial Results for the quarter ended 30th June, 2026 have been reviewed by the Statutory Auditors of the Company.
4. The Company's operations fall under single segment namely "Chemicals" as per Ind AS - 108 "Segment Reporting".
5. The figures of quarter ended 31st March, 2026 are the balancing figures between audited figures of the full financial year ended 31st March, 2026 and the published year to date figures upto third quarter ended 31st December, 2025, which were subjected to limited review.
6. Power, Fuel & Other Utilities for the Quarter ended 30th June, 2026 includes Rs.1,664.80 lakhs towards the differential energy charges payable to GUVNL, on the basis of recommendation of base rate by CERC and approved by The Government of Gujarat, for the period from 15.10.2018 to 31.12.2023.
7. The Consolidated Financial Results includes result of Joint Venture company - GACL-NALCO Alkalies & Chemicals Pvt. Ltd.(60%) and 26% of Aditya Birla Renewable SPV 4 Ltd. and Clean Max Sphere Energy Private Ltd. As at 30 June 2026, the cumulative unrecognised share of losses in Aditya Birla Renewable SPV 4 Ltd. (Associates) amounts to Rs.27.48 lakhs.
8. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Unaudited Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations,2015. The full format of the Unaudited Financial Results for the first quarter ended on 30th June, 2026 are available on the Stock Exchanges website www.bseindia.com & www.nseindia.com and Company's website www.gacl.com

By Order of the Board
Sd/-
AVANTIKA SINGH, IAS
Managing Director
DIN No. : 07549438

Place : Ahmedabad
Date : 23rd July, 2026

oneadvt.com

Ramco Systems Limited

Registered Office : 47, PSK Nagar, Rajapalayam - 626 108.
Corporate Office : 64, Sardar Patel Road, Taramani, Chennai - 600 113.
CIN: L72300TN1997PLC037550 E-mail: investorrelations@ramco.com Website: www.ramco.com

Extract of Consolidated Financial Results for the Quarter Ended June 30, 2026

	Particulars	Quarter Ended						Year Ended	
		June 30, 2026		March 31, 2026		June 30, 2025		March 31, 2026	
		Unaudited		Audited (Ref. note)		Unaudited		Audited	
		Rs. Mln.	USD Mln.	Rs. Mln.	USD Mln.	Rs. Mln.	USD Mln.	Rs. Mln.	USD Mln.
1	Total income from operations	1,749.64	18.61	1,862.68	20.54	1,648.34	19.36	7,082.00	80.73
2	Net profit / (loss) for the period (before tax, exceptional items)	34.49	0.37	221.01	2.48	92.53	1.08	704.49	8.03
3	Net profit / (loss) for the period before tax (after exceptional items)	34.49	0.37	221.01	2.48	92.53	1.08	489.50	5.58
4	Net profit / (loss) for the period after tax (after exceptional items)	5.62	0.06	251.71	2.84	10.82	0.12	420.62	4.79
5	Total comprehensive income for the period (comprising profit / (loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax))	(2.82)	(0.50)	188.64	0.61	(23.45)	(0.22)	275.23	(0.20)
6	Equity share capital (face value of Rs.10 each)	376.19	6.90	374.97	6.88	373.51	6.87	374.97	6.88
7	Reserves (excluding revaluation reserve) as shown in the Balance Sheet							3,124.73	30.68
8	Earnings per share for the period of Rs.10 each, in Rs. and USD: (Annualised only for yearly figures)								
	Basic	0.16	0.00	6.70	0.08	0.25	0.00	11.19	0.13
	Diluted	0.16	0.00	6.68	0.08	0.25	0.00	11.15	0.13

Notes:

1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Company's website at www.ramco.com and BSE website www.bseindia.com and NSE website www.nseindia.com. The same can be accessed by scanning the QR code provided below.
2. The above Consolidated Financial Results of Ramco Systems Limited, India (the "Company"), its subsidiaries, (together referred to as "Group") and its Associate were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors in its meeting held on July 23, 2026. The Consolidated Financial Results are prepared in accordance with the Indian Accounting Standards (Ind-AS) as prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with the relevant rules issued thereunder. The Statutory Auditors have carried a limited review of the Consolidated Financial Results of the Group for the quarter ended June 30, 2026 and have issued an unmodified report.
3. Key numbers of Standalone Financial Results of the Company for the Quarter ended June 30, 2026 are as below: Rs. Mln.

Particulars	Quarter Ended			Year Ended
	June 30, 2026 Unaudited	March 31, 2026 Audited (Refer Note)	June 30, 2025 Unaudited	March 31, 2026 Audited
Total income from operations	985.87	999.59	910.12	3,705.75
Profit / (loss) before tax (before exceptional items)	107.42	127.91	83.98	285.60
Profit / (loss) before tax (after exceptional items)	107.42	127.91	83.98	70.61
Net profit / (loss) after tax	86.88	113.17	48.82	51.78
Total comprehensive income for the period (comprising profit / (loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax))	86.17	107.49	55.57	80.83

4. Figures for the previous period(s) have been regrouped / restated wherever necessary to make them comparable with the figures for the current period(s). Figures for the quarter ended March 31, 2026 are the balancing figures between audited figures in respect of the full financial year ended March 31, 2026 and published year to date figures up to the third quarter ended December 31, 2025.

By Order of the Board
For Ramco Systems Limited
P V Abinav Ramasubramaniam Raja
Managing Director
(DIN:07273249)

Place: Chennai
Date: July 23, 2026

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.

PUBLIC ANNOUNCEMENT

LOGISTICS

CREDENT CONNECT N CARE LIMITED

(Formerly known as Credent Cold Chain Logistics Private Limited)

Our Company was originally incorporated as a Private Limited Company under the name of **"Credent Cold Chain Logistics Private Limited"** on June 25, 2015 under the provisions of the Companies Act, 2013 with the Registrar of Companies, Delhi bearing **CIN: U63000DL2015PTC281994.** Further, in order to align the name of our company with the object of the company and pursuant to Special Resolution passed by the shareholders at the Extra Ordinary General Meeting held on January 12, 2024, the name of our Company was changed from **"Credent Cold Chain Logistics Private Limited"** to **"Credent Connect N Care Private Limited"** and a fresh certificate of incorporation consequent upon Change of Name was issued by the Registrar of Companies, CPC vide certificate dated May 10, 2024 bearing **CIN: U63000DL2015PTC281994.** Further, pursuant to a special resolution passed by the shareholder at extra Ordinary General Meeting held on September 15, 2025, company has converted from Private Limited to public limited and name of the company was changed from **"Credent Connect N Care Private Limited"** to **"Credent Connect N Care Limited"** and a fresh certificate of incorporation consequent upon conversion into public limited was issued by the Registrar of Companies, CPC vide certificate dated October 28, 2025 bearing CIN: U63000DL2015PLC281994.

Registered Office: B-3, Second Floor, Nimri Commercial Complex, Ashok Vihar, Phase-4, New Delhi – 110 052, Delhi, India
Tel.: +91-9971777199, **E-mail:** cs@c3logistics.co.in, **Website:** https://c3logistics.co.in/
Contact Person: Arpita Abhilasha, Company Secretary & Compliance Officer
CIN: U63000DL2015PLC281994

NOTICE TO INVESTORS

In reference to the Draft red Herring Prospectus dated March 31, 2026 ("DRHP") filed with SME Platform of NSE ("NSE Emerge"), investor should note the following:

1. Our Company has received intimations from Ashok Kumar Sharma, Promoter of the Company that he has transferred/sold 8,73,600 Equity Shares to certain individuals/entities *(together the "Secondary Transaction")*, the details of the transfer/sale are as follows:

S.No.	Date of Transfer	Name of Transferee	Nature of relationship with company	Name of Transferors	Nature of Relationship with Company	Nature of Transaction	Number of Equity Shares	Percentage of pre-issue share capital of the company	Transfer Price per Equity Share (₹)	Total Consideration (in ₹)
1	July 23, 2026	Ashish Kacholia	-	Ashok Kumar Sharma	Promoter	Secondary Sale	2,67,600	2.02%	187/-	5,00,41,200/-
2		Abakkus Venture Opportunities Fund	-				1,60,800	1.21%	187/-	3,00,69,600/-
3		Convivial Advisors LLP	-				1,42,200	1.07%	187/-	2,65,91,400/-
4		Ankaa Rise	-				27,000	0.20%	187/-	50,49,000/-
5		Chintan Natwar Kothari	-				27,000	0.20%	187/-	50,49,000/-
6		Pooja Jain	-				27,000	0.20%	187/-	50,49,000/-
7		SB Opportunities Fund II	-				27,000	0.20%	187/-	50,49,000/-
8		Tattvam AIF Trust - Aanjay Ageless AIF Fund	-				27,000	0.20%	187/-	50,49,000/-
9		Tiger Strategies Fund -I	-				27,000	0.20%	187/-	50,49,000/-
10		Sushma Chandna	-				26,400	0.20%	187/-	49,36,800/-
11		Anish Natwar Kothari	-				13,200	0.10%	187/-	24,68,400/-
12		Bhupendra Kumar Dak	-				13,200	0.10%	187/-	24,68,400/-
13		Divisha Gupta	-				13,200	0.10%	187/-	24,68,400/-
14		Pravah Ranka	-				13,200	0.10%	187/-	24,68,400/-
15		Sanjay Kumar Agarwal	-				13,200	0.10%	187/-	24,68,400/-
16		Umesh Kumar Jain	-				13,200	0.10%	187/-	24,68,400/-
17		Varun Kumar	-				13,200	0.10%	187/-	24,68,400/-
18		Rakesh Tarway	-				10,200	0.08%	187/-	19,07,400/-
19		Shivang Bhavesh Joshi	-				7,800	0.06%	187/-	14,58,600/-
20		Anita Devendrasing Rajput	-				4,200	0.03%	187/-	7,85,400/-
		Total					**8,73,600**	**6.59%**		**16,33,63,200/-**

2. Please note that the Equity Share transferred pursuant to the Secondary Transfers, being the pre-offer equity share capital shall be subject to Lock-in, in accordance with terms of Regulation 238(b) and 239 of the SEBI (ICDR) Regulation, 2018.
3. Further, except as disclosed in the table above and in the DRHP, the aforementioned transferees are not connected with the Company, Promoter, Promoter Group, Director, Key Managerial Personnel, Subsidiaries, Group Companies and the directors and Key Managerial Personnel of our Subsidiaries and Group Companies.

The above notice is to be read in conjunction with the DRHP. Further, the company will suitably update the relevant section in the Red Herring Prospectus and Prospectus to be filed with ROC and the Stock Exchange, to reflect the factual position pursuant to the Secondary Transfer as on the date of the Red Herring Prospectus and Prospectus.

BOOK RUNNING LEAD MANAGER TO THE ISSUE	REGISTRAR TO THE ISSUE
Hem Securities	KFINTECH EXPERIENCE TRANSFORMATION
HEM SECURITIES LIMITED **Address:** 904, A Wing, Naman Midtown, Senapati Bapat Marg, Elphinstone Road, Lower Parel, Mumbai-400013, Maharashtra, India **Tel. No.:** +91- 22- 49060000; **Email:** ib@hemsecurities.com **Investor Grievance Email:** redressal@hemsecurities.com **Website:** www.hemsecurities.com **Contact Person:** Neelkanth Agarwal **SEBI Regn. No.** INM000010981	**KFin Technologies Limited** **Reg. Office:** 301, The Centrium, 3rd Floor, 57, Lal Bahadur Shastri Road, Nav Pada, Kurla (West), Mumbai – 400070, Maharashtra. **Corp. Office:** Selenium Tower-B, Plot 31 & 32, Gachibowli, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad – 500 032, Telangana **Telephone:** +91 40-6716 2222 ; **Email:** credentconnect.ipo@kfintech.com **Investor Grievance Email:** einward.ris@kfintech.com ; **Website:** www.kfintech.com **Contact Person:** Mr. M. Murali Krishna **SEBI Registration Number:** INR000000221

All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed in the DRHP.

On behalf of Board of Directors
CREDENT CONNECT N CARE LIMITED
Sd/-
Arpita Abhilasha
Company Secretary and Compliance Officer

Place: Delhi
Date: July 23, 2026

Disclaimer: Credent Connect N Care Limited is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Equity Shares and has filed the Draft Red Herring Prospectus dated March 31, 2026 has been filed on SME Platform of NSE ("NSE Emerge"). The DRHP is available on the website of NSE Emerge at https://www.nseindia.com/companies-listing/corporate-filings-offer-documents#sme_offer and is available on the websites of the BRLM at www.hemsecurities.com and the Website of Company at https://c3logistics.co.in/ . Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, please refer to the Draft Red Herring Prospectus including the section titled ***"Risk Factors"*** beginning on page 21 of the Draft Red Herring Prospectus.

The Equity Shares have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the **"Securities Act"**) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, and may not be issued or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and in accordance with any applicable U.S. State Securities laws. The Equity Shares are being issued and sold outside the United States in 'offshore transactions' in reliance on Regulation "S" under the Securities Act and the applicable laws of each jurisdiction where such issues and sales are made. There will be no public offering in the United States.

SHAKUN

SPECIALITY

RESTAURANTS LIMITED

Corporate Identification No. (CIN) – L55101WB1999PLC090672
Registered Office: "Uniworth House" 3 A, Gurusaday Road, Kolkata - 700019
Tel. No.: (91 33) 2283 7964 E-mail: corporate@speciality.co.in
Website: www.speciality.co.in

NOTICE TO SHAREHOLDERS SPECIAL WINDOW FOR TRANSFER OF SHARES

Pursuant to SEBI Circular No. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 dated January 30, 2026 all shareholders are hereby informed that a Special Window is being opened for a period of one year, from February 05, 2026 to February 04, 2027 to facilitate re-lodgement of transfer requests of physical shares.

This facility is available for Transfer deeds lodged prior to April 01, 2019 and which were rejected, returned, or not attended to due to deficiencies in documents/process/or otherwise.

Investors are encouraged to take advantage of this opportunity by furnishing the necessary documents to the Company's Registrar and Transfer Agent i.e. MUFG Intime India Private Limited (Formerly known as Link Intime India Private Limited) at C-101, Embassy 247, L.B.S. Marg, Vikhroli (West), Mumbai - 400 083.

The shares that are re-lodged for transfer shall be issued only in dematerialized form, subject to one year lock-in. In case of any queries, shareholders are requested to raise a service request at rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com or investor@speciality.co.in or logging in to SWAYAM Portal on https://swayam.in.mpms.mufg.com.

For Speciality Restaurants Limited

Avinash Kinhikar
Company Secretary & Legal Head
(Membership No. FCS – 8364)

Place: Mumbai
Date: July 23, 2026

kotak®

Kotak Mahindra Bank Limited

CIN - L65110MH1985PLC038137
Registered Office: 27BKC, C 27, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai - 400 051.
Tel: +91-22-6166 0001, **Fax:** +91-22-6713 2403
Website: www.kotak.bank.in, **Email:** KotakBank.Secretarial@kotak.com

Special Window for Transfer and Dematerialisation of Physical Securities of Kotak Mahindra Bank Limited

We draw attention of the investors who have sold / purchased physical securities of Kotak Mahindra Bank Limited ("Bank") prior to April 1, 2019. Pursuant to SEBI Circular No. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 dated January 30, 2026, a special window has been opened by the Bank, from February 5, 2026 to February 4, 2027, to facilitate transfer and dematerialisation of such physical securities.

The concerned investors may lodge the transfer deeds and furnish necessary documents, duly complete in all respects, to the Bank's Registrar and Transfer Agent, i.e., KFin Technologies Limited (Unit: Kotak Mahindra Bank Limited) at Selenium Tower B, Plot 31-32, Gachibowli, Financial District, Nanakramguda, Hyderabad – 500 032 to enable further processing and transfer and dematerialisation of such securities, if approved, in compliance with the requirements of applicable law.

For **KOTAK MAHINDRA BANK LIMITED**

Sd/-
Avan Doomasia
Company Secretary
(FCS 3430)

Mumbai, 23 July, 2026

ACRE MAKING ASSETS WORK

ASSETS CARE & RECONSTRUCTION ENTERPRISE LIMITED
REGD. OFFICE: 14th Floor, EROS Corporate Tower, Nehru Place, New Delhi – 110019.
Tel: 011-66115600 / 5640.

PUBLIC NOTICE FOR e-AUCTION FOR SALE OF PLEDGED EQUITY SHARES

PUBLIC NOTICE FOR e-AUCTION FOR SALE OF PLEDGED EQUITY SHARES

Sale of pledged equity shares under the Unattested Securities Pledge Agreement dated 13 March 2025 **("Pledge Agreement")** executed by the pledgors in favour of Assets Care & Reconstruction Enterprise Limited, acting in its capacity as trustee of ACRE-102-TRUST, in relation to the dues of Prashant Infra Projects Private Limited **("PIPPL")** pursuant to the Settlement Agreement dated 13 March 2025, which dues along with the underlying rights, title, interests and security have thereafter been assigned to Assets Care & Reconstruction Enterprise Limited, acting in its capacity as trustee of ACRE-180-TRUST, vide Assignment Agreement dated 23 June 2025, and read with the Invocation / Enforcement Notice dated 18 November 2025, on "AS IS WHERE IS", "AS IS WHAT IS" and "NO RECOURSE" basis, for realisation of ACRE's dues as set out below.
The e-auction will be conducted through Auction Tiger on **7 August 2026,** between **2:00 P.M. and 4:00 P.M.,** with auto-extension of **5 minutes** each, or as may be notified by the Assets Care & Reconstruction Enterprise Limited **("ACRE").**

Borrower / Account Name	ACRE Contact Details	Description of Pledged Shares	Details of Dues & Pledge Invocation	Reserve Price	EMD	Bid Increment
Prashant Infra Projects Private Limited ("PIPPL")	Mr. Shubhankar Sharma, Mobile: 8826398181	Pledge of 2,200 equity shares of Rajeshwar Property Ventures Private Limited ("RPVPL") a company having corporate identification numberU70100MH2019PTC326081 and having its registered office at 35E, Sharma Cottage, Supreme City, behind Lake Castle Building, Hiranandani Garden, Powai, Mumbai – 400 076, representing 8.54% of its fully diluted equity share capital, together with all related rights held by Vikram Sharma & Vikas Sharma.	Invocation / Enforcement Notice dated 18.11.2025 issued for non-payment under the INR 35.00 crore Novated Facility ("Novated Facility"), demanding INR 37.75 crore (dues as on 17.11.2025) together with further interest at 12% p.a. and costs.	INR 52.30 crore	INR 5.23 crore (10% of reserve price)]	INR 5.00 lakh

Terms and conditions of the E-Auction

1. Basis of Sale: The pledged equity shares are sold on "AS IS WHERE IS", "AS IS WHAT IS" and "NO RECOURSE" basis, without any representation or warranty of any kind, and subject to all existing rights, obligations and restrictions under Pledge Agreement and law.
2. Non-cooperation – safeguard for sale: Non-cooperation or delay, if any, by PIPPL, RPVPL and/or the pledgors in relation to transfer documentation or registration of the pledged shares shall not entitle the successful bidder to avoid, rescind or treat as invalid the sale conducted under this notice. ACRE shall be entitled to exercise its rights under the Pledge Agreement and the Irrevocable Powers of Attorney and, where necessary, seek appropriate legal remedies to complete the transfer.
3. E-auction platform and process: The e-auction will be conducted through M/s E-Procurement Technologies Ltd., B-801, Wall Street-II, Orient Club, Ellisbridge, Ahmedabad – 380006, at Auction Tiger. Intending bidders are advised to familiarise themselves with the e-auction terms available on the websites of ACRE and the service provider before participating.
4. Inspection of Documents: Documents relating to the pledged shares, as available with ACRE, may be inspected by intending bidders prior to the e-auction on a date and time to be mutually agreed with ACRE.
5. Earnest Money Deposit (EMD) and bid submission: EMD: Intending bidders shall deposit an EMD equal to 10% of the reserve price, i.e. INR 5.23 crore, by NEFT / RTGS into the designated account of ACRE-180-TRUST as per the following details: Account Name: ACRE-180-TRUST, Bank: IDBI Bank Limited, Branch: CC-22, Hotel Conclave Executive, Kalkaji (Opposite Paras Cinema), New Delhi-110019, Account No.: 0901102000042626, IFSC: IBKL0000901. The EMD shall be non-interest-bearing. The EMD of unsuccessful bidders shall be refunded, without interest, within 10 working days from closure of the e-auction / completion of the sale process, as applicable. Bid forms, KYC documents and proof of EMD remittance shall be submitted to the ACRE at the above address and/or by email at shubhankar.sharma@acreindia.in on or before **5 August 2026 by 4:00 P.M. Sale consideration and timelines:** The EMD of the successful bidder shall be retained towards part of the sale consideration. The successful bidder shall, within 24 hours from communication / confirmation of acceptance of its bid by ACRE, pay such amount as will make up 25% of the sale price, inclusive of EMD. The balance 75% of the sale price shall be paid on or before the 15th day from the date of sale, or within such extended period as may be permitted in writing by ACRE.
6. Default by successful bidder: In case of default in payment of any part of the sale consideration within the stipulated time, the sale shall be liable to be cancelled and the amounts deposited, including EMD, forfeited without prejudice to ACRE's other rights. The pledged shares may be re-auctioned, and the defaulting bidder shall have no claim in respect of the pledged shares or forfeited amounts.
7. Costs, taxes and charges: All statutory / non-statutory dues, stamp duty, transfer fees, taxes and other expenses in relation to transfer of the pledged shares shall be borne solely by the successful bidder.
8. Notice to borrower and pledgors: This Sale Notice shall be deemed to constitute valid, binding, and sufficient notice to the Borrower, PIPPL, and to the Pledgors, namely Mr. Vikram B. Sharma and Mr. Vikas B. Sharma, for all intents and purposes under applicable law.
9. Right to accept / reject: ACRE is not bound to accept the highest or any offer and reserves the right to accept or reject any or all bids, and/or adjourn, postpone or cancel the e-auction, or modify the terms of sale, without assigning any reason and without liability.

DATE: 24 July 2026
PLACE: Mumbai

S/d- Authorised Signatory
Assets Care & Reconstruction Enterprise Limited

एमएफ ऑनली पीएमएस का सेबी का प्रस्ताव

इसके लिए न्यूनतम 25 लाख रुपये की निवेश सीमा। पीएमएस नियमों में बड़े बदलाव के तहत सेबी ने निवेश के दायरे को सूचीबद्ध होने वाली और विदेशी प्रतिभूतियों तक बढ़ाने का प्रस्ताव किया है

अभिषेक कुमार
मुंबई, 23 जुलाई

बाजार नियामक सेबी ने पोर्टफोलियो मैनेजरों से जुड़े नियमों में बड़े बदलाव का प्रस्ताव किया है। इसमें कम निवेश की सीमा के साथ नई म्युचुअल फंड ऑनली पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विस (एमएफ-पीएमएस) व्यवस्था शुरू करने का प्रस्ताव है। गुरुवार को जारी परामर्श पत्र के तहत इन प्रस्तावों में पोर्टफोलियो मैनेजरों को विदेशी प्रतिभूतियों में निवेश की इजाजत देना, एक्सचेंज ट्रेडेड डेरिवेटिव के इस्तेमाल को बढ़ाना और सूचीबद्ध होने वाली व असूचीबद्ध प्रतिभूतियों में निवेश की अनुमति देना शामिल है।

प्रस्तावित एमएफ-पीएमएस फ्रेमवर्क के तहत रेग्युलर पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विस के लिए तय न्यूनतम 50 लाख रुपये की निवेश की सीमा को घटाकर 25 लाख रुपये किया जाएगा। साथ ही, सिर्फ एमएफ वाले पीएमएस आवेदकों के लिए, नेटवर्थ की न्यूनतम अनिवार्यता को 5 करोड़ रुपये से घटाकर 2 करोड़ रुपये कर दिया जाएगा। यह फ्रेमवर्क पोर्टफोलियो मैनेजरों को सिर्फ म्युचुअल फंड योजना के डायरेक्ट प्लान और स्पेशलाइज्ड इन्वेस्टमेंट फंड (एसआईएफ) में निवेश के प्रबंधन की इजाजत देगा।

सेबी ने कहा, प्रस्तावित फ्रेमवर्क का मकसद उन अमीर निवेशकों को बेहतर सेवा देना है, जो अपने म्युचुअल फंड निवेश के लिए प्रोफेशनल पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विस चाहते हैं। एसोसिएशन ऑफ पोर्टफोलियो मैनेजर्स इन इंडिया (एपीएमआई) ने कहा कि इस फ्रेमवर्क से पीएमएस को अपना निवेश आधार बढ़ाने में मदद मिलेगी।

एपीएमआई के चेयरमैन बिहारीलाल देवड़ा ने कहा, इसमें लाखों निवेशकों तक पेशेवर रूप से प्रबंध किए जाने वाले और कस्टमाइज्ड इन्वेस्टमेंट सॉल्यूशन की पहुंच बढ़ाने की क्षमता है। अगर इसे मजबूत उपयुक्तता नियमों और निवेशकों की सुरक्षा के उपायों के साथ लागू किया जाए तो निवेशकों का दायरा बढ़ सकता है। साथ ही पूरे पीएमएस तंत्र को मजबूती मिल सकती है और पंजीकृत निवेश सलाहकार और म्युचुअल फंडों के कुछ वितरकों को भी अपना काम आगे बढ़ाने के लिए लचीले समाधान मिल सकते हैं।

सेबी के प्रस्तावित फ्रेमवर्क में प्रिंसिपल ऑफिसर्स के लिए योग्यता और अनुभव की


अजय मोहंती

शर्तों में ढील दी गई है। साथ ही उन्हें अलग डीलिंग रूम बनाए रखने की अनिवार्यता से भी छूट दी गई है। वे प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों (एयूएम) का 2.5 फीसदी तक फिक्स्ड मैनेजमेंट फीस ले सकेंगे। इसमें प्रदर्शन आधारित फीस का भी प्रावधान है।

परामर्श पत्र में यह भी सुझाव दिया गया है कि पोर्टफोलियो मैनेजर फेमा और लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम की सीमाओं के दायरे में रहते हुए क्लाइंट के फंड को विदेशी इक्विटी, ऋण प्रतिभूतियों और म्युचुअल फंड में निवेश कर सकेंगे।

तेजी से बढ़ रहा पीएमएस उद्योग

- पीएमएस उद्योग की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां अप्रैल 2019 के 18.07 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मई, 2026 तक 42.61 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई हैं
- जबकि 2020 में नियमन में बदलाव के बाद से पंजीकृत पोर्टफोलियो मैनेजरों की संख्या दोगुनी से ज्यादा होकर 515 हो गई है

एक अन्य प्रस्ताव में सेबी ने निवेश के दायरे को बढ़ाने के लिए सूचीबद्ध होने वाली घरेलू प्रतिभूतियों में निवेश की इजाजत का सुझाव दिया है। इसमें यह भी कहा गया है कि डिस्क्रिशनरी पोर्टफोलियो मैनेजर क्लाइंट की प्रबंध की जा रही परिसंपत्ति का 10 फीसदी तक निवेश ग्रेड वाली असूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों में निवेश कर सकेंगे।

सेबी पोर्टफोलियो मैनेजरों को एक्सचेंज ट्रेडेड डेरिवेटिव के इस्तेमाल के लिए ज्यादा छूट देने की भी योजना बना रहा है। इसके तहत, वे क्लाइंटों की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों (एयूएम) का 1.25 गुना तक निवेश कर सकेंगे जबकि बिना हेजिंग वाली शॉर्ट पोजीशनों को एयूएम के 50 फीसदी और कुल ऑप्शन प्रीमियम (भुगतान और प्राप्त) को एयूएम के 10 फीसदी तक सीमित रखा जाएगा।

देवड़ा ने कहा, निवेश के दायरे को बढ़ाकर उसमें विदेशी प्रतिभूतियों, एक्सचेंज ट्रेडेड डेरिवेटिव, असूचीबद्ध प्रतिभूतियों और सूचीबद्धता के लिए प्रस्तावित प्रतिभूतियों को शामिल करने से पोर्टफोलियो मैनेजरों को अलग-अलग तरह के निवेश वाले पोर्टफोलियो बनाने और निवेश की खास रणनीतियां अपनाने में ज्यादा लचीलापन मिलेगा।

सेबी ने कहा कि पोर्टफोलियो मैनेजर नियमन की पूरी समीक्षा इस उद्योग में तेजी से हो रही बढ़ोतरी और निवेशकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखकर की गई है।

नियामक ने कहा कि पीएमएस उद्योग की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) अप्रैल 2019 के 18.07 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मई, 2026 तक 42.61 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई हैं, जबकि 2020 में नियमन में बदलाव के बाद से पंजीकृत पोर्टफोलियो मैनेजरों की संख्या दोगुनी से ज्यादा होकर 515 हो गई है।

ऑनलाइन विवाद समाधान ढांचे में सुधार की तैयारी

बीएस संवाददाता
मुंबई, 23 जुलाई

बाजार नियामक सेबी ने प्रतिभूति बाजार में ऑनलाइन विवाद समाधान (ओडीआर) ढांचे को बेहतर बनाने के लिए कई बदलावों का प्रस्ताव दिया है। इसका मकसद कामकाज में तेजी लाना, समयसीमा घटाना और नियमों को बेहतर ढंग से लागू करना है।

एक अहम प्रस्ताव यह है कि विवाद सुलझाने की जिम्मेदारी ओडीआर संस्थानों से लेकर मार्केट इन्फ्रास्ट्रक्चर संस्थानों (एमआईआई) को सौंपी जाए। इनमें स्टॉक एक्सचेंज और डिपॉजिटरी शामिल हैं। पूरी तरह से टेक्नॉलजी पर आधारित प्रक्रिया को बनाए रखते हुए एमआईआई पूरे कामकाज का प्रबंधन करेंगे और बिचौलियों तथा सूचीबद्ध कंपनियों पर अपनी बेहतर नियामकीय निगरानी का लाभ उठाएंगे।

नियामक ने मध्यस्थ और सुलह कराने वालों की नियुक्ति प्रक्रिया में भी बदलाव का सुझाव दिया है। विवाद से जुड़े पक्षों को मध्यस्थों के पैनल में से अपनी पसंद बतानी होगी और एमआईआई इस पसंद के आधार पर किसी एक उम्मीदवार को चुनेंगे। सुलह कराने वालों की नियुक्ति एमआईआई सीधे अपने पैनल में शामिल लोगों में से करेंगे।

शिकायत निवारण में तेजी लाने के लिए स्कोर्स प्लेटफॉर्म पर अनसुलझी शिकायतों को संबंधित संस्थाओं की समीक्षा के बाद सीधे ओडीआर के तहत सुलह के चरण में भेजा जाएगा, जिससे प्रक्रिया में लगने वाले समय में 21 दिन की कमी आएगी।

निवेशकों की चिंता दूर करने के लिए सेबी ने प्रस्ताव दिया है कि ऑल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंडों (एआईएफ) के निवेशकों को ओडीआर प्लेटफॉर्म का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करने के बजाय पहले से मौजूद अनुबंधों में तय तरीकों से विवाद सुलझाने का विकल्प दिया जाए।

इसके अलावा, सेबी ने ट्रस्ट के तौर पर बने एआईएफ निवेशकों को मिलने वाली कानूनी सुरक्षा को कंपनियों या सीमित देनदारी वाली साझेदारी के जरिये निवेश करने वालों तक भी बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है ताकि फंड के ढांचे से कोई फर्क न पड़े और सभी को एक जैसी सुरक्षा मिल सके।

कच्चे तेल में उछाल से शेयर बाजार की बिगड़ी चाल

बीएस संवाददाता
मुंबई, 23 जुलाई

बेंचमार्क शेयर सूचकांकों में गुरुवार को लगातार चौथे दिन गिरावट जारी रही। इसकी वजह कच्चे तेल की कीमतें बढ़ना और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली जारी रहना थी। बाजारों में बुधवार को दो हफ्तों सबसे बड़ी एकदिवसीय गिरावट आई थी। सात हफ्तों में लगातार गिरावट का यह सबसे लंबा दौर है। निफ्टी 0.53 फीसदी यानी 126.65 अंक गिरकर 23,870 पर बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स 0.47 फीसदी यानी 364 अंक गिरकर 76,391.38 पर बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 3.3 लाख करोड़ रुपये घटकर 476.7 लाख करोड़ रुपये रह गया।

ब्रेंट क्रूड की हाजिर कीमत 3.2 फीसदी बढ़कर 93.6 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई। तेल की ऊंची कीमतें भारत के लिए बड़ा जोखिम हैं क्योंकि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा क्रूड आयातक और उपभोक्ता है। तेल की ऊंची कीमतों से महंगाई बढ़ने, भारत के व्यापार घाटे में इजाफा होने, वृद्धि दर धीमी पड़ने और कंपनियों के मुनाफे पर असर का खतरा है।

दो को छोड़कर बाकी सभी सेक्टर इंडेक्सों में गिरावट आई। निफ्टी केमिकल्स और निफ्टी रियल्टी में क्रमशः 1.9 फीसदी और 1.8 फीसदी की गिरावट आई और ये सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। सेंसेक्स के दो-तिहाई से ज्यादा शेयरों में गिरावट देखी गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 1.05 फीसदी की गिरावट आई, जो सेंसेक्स के लुढ़कने का सबसे बड़ा कारण रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक का स्थान रहा, जिसके शेयरों में 0.7 फीसदी की गिरावट आई। इंडेक्स में गिरावट या बढ़त इस बात पर निर्भर करती है कि उसमें शामिल शेयरों का वेटेज (भारांक) कितना है और कारोबारी सत्र के दौरान उनमें कितना बदलाव आता है।

जून तिमाही में मुनाफे में 72 फीसदी की बढ़ोतरी (कम प्रावधान की वजह से) के बावजूद इंडसइंड बैंक के शेयर में 6 फीसदी की गिरावट आई क्योंकि निवेशकों ने मुनाफावसूली की।

मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशियल में शोध प्रमुख (वेल्थ मैनेजमेंट) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, थोड़े समय के लिए भारतीय इक्विटी पर दबाव बने रहने की संभावना है।

सऊदी टैंकरों पर हूती हमलों से कच्चा तेल 100 डॉलर पर पहुंचा

रॉयटर्स

तेल की कीमतें गुरुवार को करीब एक महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गईं। यमन के हूती विद्रोहियों ने कहा कि उन्होंने सऊदी अरब के दो तेल टैंकरों पर हमला किया है। इस कारण लगातार पांचवें दिन भी कीमतों में इजाफा हुआ। हमले से लाल सागर और स्ट्रेट होर्मुज स्ट्रेट दोनों ही जगहों से तेल परिवहन में रुकावट और बढ़ गई है। मई के आखिर के बाद पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को छूने के बाद ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स 5.83 डॉलर यानी 6.2 फीसदी बढ़कर 99.90 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गए।

अमेरिकी वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट क्रूड की कीमत 4.41 डॉलर यानी 5.08 फीसदी बढ़कर 91.24 डॉलर हो गई। इससे पहले इसने 11 जून के बाद अपना सबसे ऊंचा स्तर 91.19 डॉलर छुआ था। पेपरस्टोन के शोध रणनीतिकार अहमद असीरी ने कहा, क्रूड ऑयल के लिए अभी हालात सकारात्मक बने हुए हैं क्योंकि बाजार दूसरे चोकपॉइंट यानी लाल सागर से आपूर्ति में रुकावट की चिंता के मद्देनजर कीमतें तय कर रहे हैं।

होर्मुज स्ट्रेट पर नियंत्रण को लेकर फिर से शुरू हुए संघर्ष के अलावा यमन के हूतियों ने सऊदी अरब की शिपमेंटों पर नौसैनिक नाकाबंदी की घोषणा की थी। इसके बाद उन्होंने बाब अल-मंदेब स्ट्रेट में सऊदी तेल ले जाने वाले जहाजों को निशाना बनाकर नया मोर्चा खोल दिया।

ईरान समर्थक हूती विद्रोहियों ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने सऊदी अरब के दो तेल टैंकरों पर हमला किया है। शिपिंग डेटा से पता चलता है कि सऊदी अरब का तेल ले जा रहे चीन के दो सुपरटैंकर, जिनमें कुल 40 लाख बैरल तेल है, गुरुवार को बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट से होते हुए लाल सागर से बाहर निकल रहे थे। यहां तक कि इस इलाके में सऊदी अरब के एक जहाज पर भी हमला हुआ।

तेल में तेजी से महंगाई बढ़ने की आशंका, सोना 2 फीसदी टूटा

रॉयटर्स

सोने की कीमतों में गुरुवार को करीब 2 फीसदी की गिरावट आई। इससे पिछले सत्र में सोना दो हफ्ते के उच्चस्तर पर पहुंच गया था, लेकिन पश्चिम एशिया में तनाव की वजह से ऊर्जा की कीमतें बढ़ गईं, जिससे महंगाई की चिंता और इस साल अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ने की संभावनाएं और मजबूत हुईं। बुधवार को 7 जुलाई के बाद के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंचने के बाद हाजिर सोने की कीमत 2.1 फीसदी गिरकर 4,041.59 डॉलर प्रति औंस रह गईं।

अगस्त में डिलिवरी वाला अमेरिकी गोल्ड फ्यूचर्स 2.6 फीसदी गिरकर 4,043.50 डॉलर पर आ गया। अमेरिकी डॉलर में 0.3 फीसदी की बढ़त हुई, जिससे विदेशी खरीदारों के लिए डॉलर कीमत वाली में सोना महंगा हो गया, जबकि 10 साल के अमेरिकी ट्रेजरी नोट पर यील्ड करीब एक फीसदी बढ़कर एक साल से ज्यादा के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

अमेरिकन गोल्ड एक्सचेंज के बाजार विश्लेषक जिम वायकॉफ ने कहा, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से बॉन्ड यील्ड बढ़ रही है। इसकी वजह यह है कि महंगाई की समस्या के कारण केंद्रीय बैंक ब्याज दरें कम नहीं कर पाएंगे। बॉन्ड यील्ड का बढ़ना सोने और चांदी के तेजड़ियों के लिए नुकसानदेह है क्योंकि सोने और चांदी से कोई यील्ड (रिटर्न) नहीं मिलता है।

यमन के हूती विद्रोहियों के सऊदी अरब के दो तेल टैंकरों पर हमला किया।

गुरुग्राम में बेरिकेडिंग तोड़ DC ऑफिस में घुसे कांग्रेसी

पुलिस के रोकने पर फूटा गुस्सा; मोदी सरकार को बर्खास्त करने की मांग

प्रात: किरण संवाददाता

गुरुग्राम। के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज और कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी के साथ किए गए अमर्यादित व अशोभनीय व्यवहार के विरोध में आज गुरुग्राम में राजनीतिक पारा गरमा गया। घटना के विरोध में गुरुग्राम कांग्रेस (शहरी और ग्रामीण) के बैनर तले बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जिला सचिवालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और देश के राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त (डीसी) को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस ने केंद्र की वर्तमान नरेंद्र मोदी सरकार को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त करने की बेहद गंभीर मांग उठाई है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत, दोपहर करीब 12 बजे शहरी और ग्रामीण जिलों से सैकड़ों की तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी लघु सचिवालय के बाहर एकत्रित हुए। सरकार विरोधी नारों के साथ आगे बढ़ रहे कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात था और मुख्य गेट पर बैरिकेडिंग की गई थी। पुलिस द्वारा रोके जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी बहस हुई, जिसके बाद आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने पुलिस बैरिकेडिंग को जबरन तोड़ दिया और सचिवालय परिसर के भीतर दाखिल हो गए। परिसर के अंदर घुसकर कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की और वहीं जमीन पर बैठकर धरने पर बैठ गए।

लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप

सचिवालय परिसर में धरने को संबोधित करते हुए रूरल जिला अध्यक्ष वर्धन राव ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखे हमले किए। नेताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि देश में पूरी तरह से तानाशाही का माहौल है। लोकतंत्र में विपक्ष को अपनी बात रखने का संवैधानिक अधिकार है, भाजपा की सरकार विपक्ष की आवाज को लाठी और डंडे के बल पर दबाने का कायराना प्रयास कर रही है। राहुल गांधी के साथ हुए दुर्व्यवहार को देश की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए छात्रों और युवाओं पर जुल्म ढा रही है, जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

ठगकने फूंका शिक्षा मंत्री का पुतला

इसी कड़ी में छात्रों का गुस्सा भी सातवें आसमान पर दिखाई दिया। गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के बाहर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (NSUI) के रूरल जिला प्रेजीडेंट नितिन यादव की अगुवाई में दर्जनों छात्रों ने केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। छात्रों ने यूनिवर्सिटी गेट के सामने जोरदार प्रदर्शन किया, नारेबाजी की और केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका। नितिन यादव ने कहा कि पेपर लीक और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली इस सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की निंदा करते हुए शिक्षा मंत्री से तुरंत इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के अंत में कांग्रेस के वरिष्ठ शिष्टमंडल ने प्रशासनिक अधिकारियों को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि विपक्ष और छात्रों के दमन की नीतियां तुरंत बंद नहीं हुईं, तो यह आंदोलन केवल सचिवालय तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे गुरुग्राम की सड़कों से लेकर हर ब्लॉक स्तर तक ले जाया जाएगा।

गुरुग्राम-मेदांता में 600 जवानों की सिक्योरिटी में सोनम वांगचुक

प्रात: किरण संवाददाता

गुरुग्राम। सोनम वांगचुक के अनशन का आज यानी गुरुवार को 26वां दिन है। गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती हुए उन्हें दो दिन हो चुके हैं। बुधवार को उनसे मिलने पहुंचे आम आदमी पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा और समाजवादी पार्टी के 15 विपक्षी सांसदों को पुलिस ने रोक दिया था। पुलिस और सांसदों के बीच बहस हुई। नाराज सांसद गेट पर ही धरने पर बैठ गए। इसे लेकर करीब एक घंटे तक हंगामा चला। इसके बाद सोनम ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो मैसेज जारी किया, जिसमें कहा- जैसे, मंगलवार के घटनाक्रम को देखते हुए मेदांता में 600 पुलिसकर्मियों को 3 शिफ्टों में तैनात किया है। एक्जिट गेट बंद कर दिया गया है, अब एंट्री गेट से ही आना-जाना होगा। इसके अलावा बाहरी वाहनों को प्रॉपर अपॉइंटमेंट और रीजन देने पर ही एंट्री मिलेगी। उधर, मंगलवार के घटनाक्रम को देखते हुए मेदांता में पुलिस ने सिक्योरिटी बढ़ा कर दी है। 600 पुलिसकर्मियों को 3 शिफ्टों में तैनात किया है। एक्जिट गेट बंद कर दिया गया है, अब एंट्री गेट से ही आना-जाना होगा। इसके अलावा बाहरी वाहनों को प्रॉपर अपॉइंटमेंट और रीजन देने पर ही एंट्री मिलेगी।

सोनम वांगचुक ने सरकार को लिखी चिट्ठी में रखी ये शर्तें

वांगचुक ने चिट्ठी में सबसे पहले सरकार की ओर से पहल करने का आभार जताया। तीन मांगें रखीं, जिसमें परीक्षा पेपर लीक के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को उचित मुआवजा और जवाबदेही तय करने के लिए संसद में सार्थक चर्चा हो। चिट्ठी में शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर विचार करना भी शामिल है। सबसे खास यह कि वांगचुक ने अनशन खत्म करने की शर्त बताते हुए लिखा- 20 जुलाई को हुआ हाइवो संसद्ह मार्च पुलिस की कार्रवाई के बावजूद शांतिपूर्ण रहा। प्रदर्शनकारियों पर कोई कानूनी केस या उत्पीड़न जैसी दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी, इस आश्वासन के बाद वे अनशन खत्म कर देंगे। यहां जानिए सोनम वांगचुक से मिलने पहुंचे सांसदों ने क्या-क्या कहा? सांसद प्रिया सरोज : यूपी के मछलीशहर से सपा सांसद प्रिया सरोज ने कहा कि हम लोग बैठे रहेंगे, जब तक हमें मिलने नहीं दिया जाएगा। चाहे रात से सुबह हो जाए, हम मिलकर ही जाएंगे। हमसे पहले कई नेता आए हैं, उनको आपने जाने दिया। हमारे लिए मेडिकल प्रोटोकॉल आ गया? ये मेडिकल प्रोटोकॉल हमें भी दिखाइए। पुलिस का हम लोगों के प्रति रवैया बहुत ही गलत था। सांसद इकरा हसन : यूपी के कैरान से सांसद इकरा हसन ने कहा कि सरकार ये चाहती है कि सोनम सर मर जाएं।

फरीदाबाद में संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

8 महीने की गर्भवती, पति के दूसरी महिला के साथ संबंध, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

प्रात: किरण संवाददाता

फरीदाबाद। की ग्रीन फील्ड कॉलोनी में 8 महीने की गर्भवती 29 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि महिला को अपने पति के किसी दूसरी महिला से संबंध होने की जानकारी मिल गई थी। वह पति को उस महिला से बात करने और मिलने से मना करती थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। अब विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतका के परिजनों ने पति पर हत्या का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर सूरजकुंड थाना पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के मीठापुर की रहने वाली 29 वर्षीय नमिता कामत की शादी 20 नवंबर 2025 को फरीदाबाद की ग्रीन फील्ड कॉलोनी निवासी रजीत चौधरी से हुई थी। नमिता करीब आठ महीने की गर्भवती थी। परिजनों का कहना है कि शादी के समय उन्होंने अपनी क्षमता के अनुसार दहेज और अन्य सामान दिया था। शादी के कुछ महीने बाद पति-पत्नी के रिश्तों में तनाव शुरू हो गया। बुधवार की दोपहर नमिता अपने कमरे में बेहोशी की हालत में मिली। बताया गया कि जब उसका देवर कमरे में पहुंचा तो उसने नमिता को उठाने की कोशिश की, लेकिन वह कोई जवाब नहीं दे रही थी। इसके बाद परिजन उसे सेक्टर-31 स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। रस्सी से गला दबाने के निशान मिले अस्पताल में जांच के दौरान नमिता के गले पर रस्सी से गला दबाने जैसे निशान दिखाई दिए। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सूरजकुंड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ईएसआई मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड से कराया जा रहा है। मृतका के पिता शिवनारायण कामत ने आरोप लगाया कि शादी के कुछ समय बाद उनकी बेटी को पता चला था कि उसका पति किसी दूसरी महिला के संपर्क में है। इस बात को लेकर नमिता अक्सर अपने पति को समझाती थी और उस महिला से दूर रहने के लिए कहती थी। लेकिन पति ने उसकी बात नहीं मानी। इसी वजह से दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि रजीत कई बार नमिता के साथ मारपीट करता था। परिवार के लोगों ने कई बार दोनों को समझाने की कोशिश की, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। पिता ने लगाया बेटी की हत्या करने का आरोप शिवनारायण कामत ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 10 बजे उन्हें फोन करके बताया गया कि उनकी बेटी की तबीयत खराब है। करीब आधे घंटे बाद फिर फोन आया कि उसकी मौत हो गई है।

सोहना में दो सगे भाईयों को लाठी-डंडों से पीटा लहूलुहान होकर सड़क पर गिरे, सब्जी की दुकान पर बैठे थे दोनों

प्रात: किरण संवाददाता

गुरुग्राम। जिले के सोहना में पलवल मार्ग स्थित गांव सिलानी अड्डे पर गुरुवार दोपहर दो भाइयों को लाठी-डंडों से पीटने का मामला सामने आया है। दोनों भाई सब्जी की दुकान पर बैठे थे। हमलावरों ने उन्हें तब तक पीटा जब तक वे लहूलुहान होकर सड़क पर नहीं गिर गए। आसपास के लोगों ने चीख-पुकार सुनकर बीच-बचाव किया और घायलों को हमलावरों से छुड़ाया। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को पहले सोहना नागरिक अस्पताल ले जाया गया। उनकी नाजुक हालत को देखते हुए, एक को अलवर और दूसरे को फरीदाबाद के अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों के भाई अन्नी ने बताया कि उनका परिवार गांव उलेटा का निवासी है। उनके दोनों भाई कई वर्षों से गांव सिलानी अड्डे पर सब्जी बेचने का काम करते हैं। अन्नी के अनुसार, दोपहर गांव मानूवास के दो युवक लाठी-डंडे लेकर दुकान पर पहुंचे। उन्होंने बिना किसी पूर्व विवाद के इमरान और उसके छोटे भाई पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमलावरों ने दोनों भाइयों को सिर, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों पर बेरहमी से पीटा।

संक्षिप्त खबरें

नूंह में चोरी की बाइक समेत युवक गिरफ्तार, दिल्ली से चोरी हुई थी बाइक

नूंह। नूंह पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम नूंह-हथीन रोड पर गांव सुडाका के पास गश्त और वाहन जांच कर रही थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस को देखकर बाइक मोड़कर भागने लगा, जिसे पीछा कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी की पहचान हबीब पुत्र छज्जू, निवासी मटेपुर, थाना हथीन, जिला पलवल के रूप में हुई। उसके कब्जे से बिना नंबर प्लेट की काले रंग की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद हुई। बाइक के चेसिस और इंजन नंबर की जांच करने पर पता चला कि यह मोटरसाइकिल दिल्ली के कल्याणपुरी थाने में 12 फरवरी 2025 को दर्ज चोरी के मुकदमे से संबंधित है। जांच अधिकारी विजय का कहना है कि आरोपी के खिलाफ थाना सदर नूंह में भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई।

वन महोत्सव पर इको क्लब ने किया पौधरोपण

तावडू। वन महोत्सव के अवसर पर खंड के डिंगरहेड़ी राजकीय माध्यमिक विद्यालय में इको क्लब की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पौधे लगाकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में ह्लएक पेड़ मां के नामह्व अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। मौलिक मुख्य अध्यापक कुलदीप शास्त्री और हरियाणा अध्यापक संघ के पूर्व जिला प्रधान फूल कुमार यादव ने सहयोग किया। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी होगी। फूल कुमार यादव ने सभी से अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की।

समाधान शिविर में 8 शिकायतों की सुनवाई

नूंह। नूंह लघु सचिवालय में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में नगराधीश अप्रितम सिंह ने आमजन की समस्याएं सुनीं। शिविर में बिजली, पेयजल, परिवार पहचान पत्र और वृद्धावस्था सम्मान भत्ता समेत विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल आठ शिकायतें प्राप्त हुईं। मौके पर संभव शिकायतों का समाधान किया गया, जबकि शेष मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए। नगराधीश ने एटीआर पोर्टल पर गुणवत्तापूर्ण प्रविष्टि और लंबित शिकायतों के शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार और वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय व सभी उपमंडलों में समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं।

फरीदाबाद के पेट्रोल पंप पर जमकर चली लाठियां

फरीदाबाद। के एनआईटी-5 में स्थित बहादुर चौक के पास भारत पेट्रोलियम के एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने को लेकर हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि 150 और 200 के पेट्रोल को लेकर शुरू हुई कहासुनी के बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान डंडे भी चले, जिसमें पेट्रोल पंप के कर्मचारी घायल हो गए। पूरी घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दोनों पक्ष एक-दूसरे के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार गांधी कॉलोनी निवासी निखिल अपनी स्कूटी में पेट्रोल भरवाने के लिए पेट्रोल पंप पर पहुंचा था। महिला कर्मचारी ने उसकी स्कूटी में 150 का पेट्रोल भर दिया। निखिल का कहना था कि उसने200 का पेट्रोल भरवाने के लिए कहा था। इस बात को लेकर दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। महिला कर्मचारी का कहना है कि ग्राहक ने 150 का ही पेट्रोल भरवाने को कहा था। उसने मशीन की पर्ची दिखाकर स्थिति स्पष्ट करने की बात भी कही, लेकिन तब तक विवाद बढ़ गया। शोर सुनकर कर्मचारी इंद्रजीत और नितिन बीच-बचाव के लिए पहुंचे, मगर मामला शांत होने के बजाय और उग्र हो गया।